# पुलिस ने काम्बिंग गश्त में 56 वारंटी पकड़े, की सघन चैकिंग

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कॉम्बिंग गश्त के दौरान छिन्दवाडा पुलिस की बडी सफ्लता मिली। मोहखेड टीम ने 02 वांछित अपराध के अपराधियों को दबिश देकर पकडा, साथ ही अन्य छह पुलिस टीम ने 11 स्थायी, 45 गिरफ्तारी सहित कुल 56 वारंटियों को किया गिरफ्तार किया गया जिसमें 103 गुण्डा, 78 निगरानी, 13 जिला बदर अपराधी, 19 जेल से रिहा आरोपियों एवं 45 कबाड़ियों की सघन चेकिंग की गई। इसी प्रकार अवैध शराब की तस्करी, खुले स्थान मं शराब पीने वाले 18 व्यक्तियों से 154 लीटर अवैध शराब जप्त कर कार्यवाही की गई। थाना क्षेत्र में गुम व्यक्ति की तलाश कर 09 गुम इंसान को किया दस्तयाब किया गया।



प्रदेश स्तरीय रात्रि काम्बिंग गश्त के संबंध में पुलिस मुख्यालय भोपाल म.प्र. द्वारा दिये गये निर्देशानुसार एवं महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुये जिले में अवैध गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ व अवैध कार्यो में संलिप्त अपराधियों तथा अपराधों पर अंकुश लगाने एवं फरार वारंटियों को पकड़ने/कानून व्यवस्था बनाये रखने, आदतन अपराधियों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा मनीष खत्री द्वारा विशेष मुहीम चलाई जा रही है, जिसमें कल 03 नवम्बर 24 की रात्रि काम्बिग गस्त के दौरान छिन्दवाड़ा पुलिस ने 06 पुलिस टीम व 01 तकनीकी टीम सहित कुल 07 टीम गठित की। महाराष्ट्र बार्डर से जुडे थाना क्षेत्र बिछुआ एवं मोहखेड में जिला पान्ढुर्ना पुलिस के सहयोग से नाके (पुलिस चेकिंग बेरियर) लगाये गए। इस दौरान छिंदवाड़ा पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारियों द्वारा अपने-अपने अधीनस्थ थाना प्रभारियों के साथ मय पुलिस बल के छिंदवाड़ा शहर एवं देहात क्षेत्र में कॉम्बिंग गश्त किया गया, कॉम्बिंग गश्त अनुभागवार पुलिस बल को अलग-अलग स्थानों पर एकत्रित किया जाकर राजपत्रित अधिकारियों द्वारा पुलिस बल को ब्रीफकिया गया उसके बाद अलग-अलग क्षेत्रो में कॉम्बिंग गश्त के लिये रवाना किया। पुलिस टीम द्वारा स्थायी गिरफ्तारी वारंटियो की धरपकड़ हेतु प्रत्येक थाने में गठित की गई पुलिस टीमों द्वारा वारंटियो को पकड़ने व गिरफ्तारी हेतु मुखबिर तंत्र सक्रिय करते हुए एक ही रात्रि में औचक नाईट काम्बिंग ऑपरेशन चलाकर थाना मोहखेड पुलिस टीम द्वारा बडी सफ्लता हासिल करते हुए वांछित अपराध के आरोपी निलेश पिता रघुनाथ पवार उम्र 24 साल निवासी चारगांव, पवन पिता चैतराम डोंगरे उम्र 32 साल निवासी तन्सरामाल (मोहखेड़) को दबिश / घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया इसके अतिरिक्त अन्य टीमों द्वारा 11 स्थाई व 45 गिरफ्तारी इस प्रकार कुल 56 वारंटियो को दबिश / घेराबंदी / नाकाबंदी कर गिरफ्तार किया गया ।

जिले में सर्वाधिक वारंट की तामीली के क्रम में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चौरई सौरभ तिवारी के नेतृत्व में थाना चौरई द्वारा सर्वाधिक वारंट तामील किया गया, जिसमे 08 गिरफ्तारी वारंट 03 स्थातयी वारंटियों को गिरफ्तार किया व थाना चांद द्वारा 02 गिरफ्तारी वारंटी व 01 स्थायी वारंटियो को गिरफ्तार किया, नगर पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा अजय राणा के नेतृत्वव में थाना कोतवाली द्वारा 05 गिरफ्तारी वारंटियो को गिरफ्तार किया, सभी गिरफ्तार वारंटियो को माननीय न्यायालय में पेश किया गया। उक्त सभी टीमों के द्वारा किया गया कार्य सराहनीय एवं महत्वपूर्ण है।

आपराधिक गतिविधियो में संलिप्त व्यक्तियों, जिले के गुंडा निगरानी बदमाश, जिला बदर के अपराधियों, जेल से रिहा आरोपियों, कबाड़ियों को काम्बिंग ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीम द्वारा सघनता से चेक किया गया व गुम इंसानो (व्यक्तियों) की दस्तायाबी की गई जिसमें 103 गुंडा बदमाश, 78 निगरानी बदमाश, 13 जिला बदर के अपराधियों, 19 जेल से रिहा, 45 कबाड़ियों को चेक कर थाना रिकार्ड में इंद्राज किया गया तथा थाना क्षेत्र में विगत दिनो गुम हुए व्यक्तियों को पुलिस टीम द्वारा तलाश की गई जिसमें 09 गुम इंसान को दस्तयाब किया गया।

पुलिस टीमों द्वारा इस अभियान के दौरान कई सक्रिय बदमाशो के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई साथ ही गुण्डों एवं हिस्ट्री शीटरों के रिकार्ड को अपडेट किया गया। शहर व देहात क्षेत्र की गली मोहल्लो में घूमकर पुलिस ने गुण्डे बदमाश, जेल से रिहा आरोपियो की धरपकड़ की । पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा द्वारा जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से यह कॉम्बिंग ऑपरेशन जारी हैं। पुलिस टीमों द्वारा गुण्डो एवं बदमाशों के घर-घर जाकर उनकी जानकारी ली गई, चैकिंग के दौरान प्रत्येक गुण्डा, बदमाश को चेतावनी भी दी गई कि यदि वह किसी भी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता हैं तो उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। जेल से रिहा होकर आये आरोपियो को भी चेक किया गया। अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से छिंदवाड़ा पुलिस द्वारा की गई यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी की जानकारी पुलिस अधीक्षक छिन्दवाड़ा मनीष खत्री द्वारा दी गई है।

## सार-समाचार

### गांधीगंज व्यापारी मंडल और छिन्दवाड़ा अनाज व्यापारी संघ ने महापौर को किया सम्मानित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गांधीगंज व्यापारी मण्डल एवं छिन्दवाड़ा अनाज व्यापारी संघ के द्वारा परम्परानुसार दीपावली के पश्चात व्यापारियों का दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया जाता है इसी को मद्देनजर रखते हुए रविवार 3 नवम्बर को दीपावली मिलन समारोह के दौरान छिन्दवाड़ा के प्रथम नागरिक नगर पालिक निगम के महापौर विक्रम अहाके को शाल, श्रीफल से सम्मानित किया गया।

### रंगोली से बनाई श्रीकृष्ण यशोदा मइया की मनमोहक आकृति



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आज के इस आधुनिक युग में भी ऐसे कलाकार है जो जीवंत चित्रकारी बनाने में पीछे नहीं है। ऐसे ही एक छिन्दवाड़ा शहर की कलाकारा पूजा चौरसिया जो गृहणी है उसके द्वारा स्थानीय पोला ग्राउण्ड में रांगोली से अद्भुत चित्रकारी बनाई गई है जो एक नजर देखकर लगता है कि पेंटिंग है लेकिन यह बोलती तस्वीर को पूजा चौरसिया ने रंगोली से तैयार किया है जिसे देखने के लिए अनेक लोग वहां पहुंचे और कलाकार की प्रशंसा की। छाया शरद

### पश्चिमी न्यूटन में लगा मड़ई मेला

**परासिया, देशबन्धु।** न्यूटन चिखली वार्ड नं 8 सिद्धपीठ दुर्गा मंदिर ग्राउंड में अहीरी मड़ई मेला दीपावली की दूज में आयोजित किया गया। मड़ई मेला का इतिहास सवा सौ साल पूर्व का है विगत 30 वर्षो से मेला संचालित नहीं हो रहा था इस वर्ष से पुनः प्रारंभ किया गया, जिसमे सर्वप्रथम वार्ड नं 10 निवासी तुलसा बाई यादव के परिवार साथ आयोजन समिति ढोल नगाड़ों के साथ चंडी माता का ध्वज नगर भ्रमण कर मेला स्थान पहुचे। चंडी माता को ध्वज अर्पित कर माल देव का विधिवत पूजन किया गया। वैष्णवी जागरण ग्रुप द्वारा भजन प्रस्तुती दी गई जहां जेरी के खंभे में ईनाम भी रखा गया था, क्षेत्र की 5 अहीरी टीम ढोल नगाड़ों के साथ मेले में उपस्थित हुई, जनता जनार्दन ने अहीरी नृत्य का आनंद लिया। दुर्गावाहिनी सदस्यों द्वारा दंड का प्रदर्शन किया गया। मेले में बच्चों के लिये झूले आकर्षण का केंद्र रहे, भजन कलाकारों, अहीरी नृत्य दल सदस्यों को अतिथियों द्वारा श्री फ्ल गमछा और नगद राशि पुरुस्कार के रूप में दी गई, प्रसाद वितरण कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अजेय शुक्ल जिला प्रचारक, ज्योति डेहरिया विधानसभा प्रभारी, किरण शर्मा विश्व हिन्दू परिषद, महेश सराठी जिलाध्यक्ष आदिवासी विकास परिषद, श्रीचंद पटेल आदि उपस्थित रहे।



## संगीतमय सुंदरकांड का महापाठ किया

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** धार्मिक और सामाजिक सेवा का संगम कहे जाने वाला श्री सुंदरकांड ग्रुप छिंदवाड़ा द्वारा प्रति शनिवार को लोगों के बुलावे पर निः शुल्क संगीतमय सुंदरकाण्ड का महापाठ किया जाता है साथ सामाजिक कार्य भी किये जाते है।

इसी क्रम में ग्रुप द्वारा कबीसिंग चौधरी सुपुत्र प्रशांत चौधरी के निजनिवास.श्री खेड़ापति माता मंदिर, चांद रोड, वार्ड नम्बर 18, छिंदवाड़ा जिला छिंदवाड़ा में संगीतमय सुन्दरकाण्ड का महापाठ किया गया साथ ही हनुमानजी जी महाराज की लीलाओं का किया व्याखान एवं प्रभु श्री राम जी की फोटो फ्रेम देकर भेंट की गई। इस अवसर पर ग्रुप के प्रमुख अधिवक्ता शुभम कसार, अक्षय ठाकुर, प्रदीप भारती, अंश पटेल, कैलाश उइके, मेघा उईके, अनय कसार, परमजीत सिह, संतोष वंशकार, रानू साहू, अभिषेक कवरेती, युवराज पाटकर (पटवा) सोनू, रिंकू ढोलक मास्टर, उमेश वंशकार, जित्तू यादव, जय चंद्रवंशी, संग्राम नागवंशी, सुंनु वंशकार, प्रवीन तिवारी, प्रशांत तिवारी, राहुल बातरे, प्रतीक चौबितकर, दिलीप ठाकुर, पप्पू वंदेवार, दुर्गेश चंदेल साहिल मालवी, गौरव.सौरव मर्सकोले, मनोहर रघुवंशी, हर्षित साहू, अभिषेक ठाकुर, नितेश नागवंशी, राहुल निर्मलकर, दिवाकर मालवीय, टीनू मालवी, चाँदनी मालवी, हर्षित पटेल, शिवा पटेल, शेंकी पटेल, नयन पटेल, चंचलेश मालवीय, नरेश वंशकार एवं समस्त चौधरी परिवार के साथ वार्डवासी उपस्थित रहे। ग्रुप के प्रमुख अधिवक्ता शुभम कसार ने बताया कि यूट्यूब में ग्रुप के चैनल में भी लाइव प्रसारण देख सकते है ग्रुप द्वारा कई वर्षों से धर्म का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है साथ ही सभी को जोड़ा जा रहा हैं।



## विश्व गीता स्वाध्याय उज्जैन का गीता प्रतिष्ठानम कार्यक्रम आयोजित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** दशरथ लाल साहू पूजा ट्रेडिंग कंपनी गांधीगंज छिंदवाड़ा में विश्व गीता प्रतिष्ठानम उज्जैन का गीता स्वाध्याय अध्याय 14 के श्लोक 1 से 14 का स्वाध्याय केन्द्रीय सप्तोत्सव प्रमुख नेमीचंद व्योम के संचालन में संपन्न हुआ। नंद कुमार दीक्षित उपाध्यक्ष आंचलिक साहित्यकार परिषद ने मुख्य व्याख्यान में ऋग्वेद सहित चारों वेद उनका गीता में औपनिषदिक अवतरण पर भाष्य निरूपित किया। संस्कृताचार्य अनूपचंद त्रिपाठी सी.एम. राईज स्कूल के द्वारा दीपावली और अन्य पर्वो पर वाल्मीकि रामायण पर आधारित विस्तृत विवेचन प्रस्तुत किया। वरिष्ठ अधिवक्ता रामकुमार भारद्धाज ने अमृत वचन, कमलेश गोनेकर ने सुभाषित प्रस्तुत किया। निर्मलाचार्य ने श्लोकों की संगीतमय व्याख्या प्रस्तुत की। निरपत सिंह वर्मा, अजय सिंह वर्मा, नरेन्द्र सिंह रघुवंशी, स्वीटी अल्डक, महेन्द्र सिंह राठौर, श्री दारोकर सहित दशरथलाल साहू के परिजन प्रमुख रूप से उपस्थित थे ।

# राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** तीन नवम्बर को जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग जिला छिंदवाडा द्वारा राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि विक्रम अहाके महापौर, नगर पालिक निगम, छिंदवाड़ा तथा भा.ज.पा. जिलाध्यक्ष शेषराव यादव की अध्यक्षता में शीलेन्द्र सिंह कलेक्टर, मनीष खत्री पुलिस अधीक्षक, अग्रिम कुमार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत छिन्दवाड़ा, दिनेश अंगारिया, भारिया प्राधीकरण अध्यक्ष की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुधीर जैन, अनुविभागीय अधिकारी छिंदवाड़ा, सत्येन्द्र मरकाम सहायक आयुक्त, जी.एस. बघेल, जिला शिक्षा अधिकारी, जे.के. इरपाची डी.पी.सी., उमेश सातमकर, रमेश पोफ्ली, गरिमा दामोदर महिला मोर्चा अध्यक्ष, विजय पांडे पार्षद नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा, अंकुर शुक्ला नगर मंडल अध्यक्ष, इन्द्रजीत सिंह बैस एवं आमंत्रित अतिथियों एवं मिडिया साथियों तथा म.प्र. के विभिन्न संभागों से आए जनरल मैनेजर, खिलाड़ियों की उपस्थिति में बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर तथा एम.एल.बी. स्कूल की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना व सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ शुभारंभ किया गया। अतिथियों द्वारा सभी खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया गया एवं शुभकामनाएं दी गई प्रतियोगी छात्रा जानवी विश्वकर्मा ने समस्त खिलाड़ियों को खेल की शपथ दिलाई। तथा जिला शिक्षा अधिकारी, जी.एस. बघेल ने अतिथियों का समस्त खिलाड़ियों एवं कोच मैनेजरों से परिचय कराया।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा द्वारा एम्बुलेंस व चिकित्सा सुविधा, नगर पालिक निगम, छिन्दवाड़ा द्वारा प्रतियोगिता स्थल एवं आवास व्यवस्था स्थल की साफ सफाई करने तथा पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है। संदेश पटोरिया सर्वोत्तम बुक डिपो परासिया द्वारा समस्त संभाग के खिलाड़ियों एवं कोच मैनेजर को पेन एवं डायरी उपहार के रूप में प्रदान की गई।







मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 14 वर्ष बालक/बालिका 68वीं राज्य स्तरीय शालेय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 03 नवम्बर 2024 से 06 नवम्बर 2024 तक जिला छिंदवाड़ा में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है इस प्रतियोगिता में 09 संभाग इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, नर्मदापुरम उज्जैन, सागर रीवा शहडोल, जबलपुर एवं जनजातीय कार्य विभाग सहित 100 बालक / बालिकाएं प्रतियोगिता में शामिल हो रहे है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यालयीन छात्र जो अपने विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर जिला एवं संभाग स्तर की प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए आज राज्य स्तर की प्रतियोगिता में अपना वर्चस्व दिखाने के लिए उपस्थित हुए है। उक्त प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने हेतु राज्य स्तर लो शिक्षण संचालनालय भोपाल से राकेश चौरसिया छिन्दवाड़ा, हर्षदीप सिंह भोपाल, उमेश बारिया नर्मदापुरम, रूपेश अहिरवार सागर, भावना गायकवाड़ सिवनी को स्टेट आफ्सिर नियुक्त प्रतियोगिता सम्पन्न उत्तरदायित्व सौंपा गया है।

उक्त प्रतियोगिता में शामिल होने वाले खिलाड़ियों, कोच, मैनेजर, अधिकारियों के आवास हेतु उचित व्यवस्था विभिन्न संस्थाओं में कराई गई। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर चयनकर्ताओं द्वारा मध्यप्रदेश दल का गठन किया जायेगा, जो आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। उक्त प्रतियोगिता को सफ्लतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल ने समस्त संभाग के कोच मैनेजर एवं खिलाड़ियों को नियमों का पालन करते हुए आयोजन करने निर्देश दिए गए। उक्त प्रतियोगिता को आयोजित कराने हेतु जिले के विभिन्न विद्यालय के प्राचार्यों का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। जिला कार्यालय से सहायक संचालक डी.पी. डेहरिया, पी.एल. मेश्राम, के.एस. श्रीवास्तव, जिला कीड़ा अधिकारी छिंदवाड़ा एवं जिले के समस्त खेल शिक्षक प्रतियोगिता को संचालित करने में अहम भूमिका निभा रहे है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का प्रतिवेदन का वाचन पी.एल. मेश्राम, सहायक संचालक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा किया गया।

उक्त प्रतियोगिता में असरफ अली विकासखंड शिक्षा अधिकारी छिंदवाड़ा, विभिन्न समितियों के नोडल अधिकारी एवं सदस्य, विभिन्न विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षक / शिक्षिकाएं, छात्र / छात्राएं, स्काउट गाईड एवं एन.सी.सी. के छात्र / छात्राओं का विशेष योगदान प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम का मंच संचालन राकेश चौरसिया, धीरेन्द्र दुबे, वाणी शुक्ला द्वारा किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित थे।

# दीपावली मिलन समारोह में शामिल हुए महापौर-कलेक्टर

## गांधीगंज व्यापारी मंडल एवं अनाज व्यापारी संघ ने आयोजित किया कार्यक्रम

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** रजिस्टर्ड संस्था गांधीगंज व्यापारी मंडल एवं अनाज व्यापारी संघ द्वारा संयुक्त रूप से व्यापारियों का स्नेह सम्मेलन दीपावली मिलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शीलेंद्र सिंह कलेक्टर तथा अध्यक्षता विक्रम अहाके महापौर नगर निगम ने की विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत सीईओ अग्रीम कुमार तथा एसडीएम सुधीर जैन, उप संचालक कृषि जितेंद्र कुमार सिंह ने की व्यापारी रत्न से सुरेश अग्रवाल को सम्मानित किया गया उनके कार्यों को सराहा गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ व्यापारियों एवं अन्य संस्थाओं के अध्यक्षों का भी शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कलेक्टर शीलेंद्र सिंह ने दीपावली के महत्व व्यापारियों को उनके कार्यों के प्रति सजग रहने एवं बिना डर के व्यापार करने एवं व्यापार को बढ़ाने तथा कुछ अन्य ऐसे टिप्स दिए जिससे व्यापार जगत में व्यापारियों को लाभ मिलेगा। नगर निगम महापौर विक्रम अहाके ने बताया कि शीघ्र ही ट्रांसपोर्ट नगर सरसवाड़ा में प्रारंभ किया जाएगा जिससे व्यापारियों को ट्रांसपोर्ट से होने वाली परेशानी से मुक्ति मिलेगी साथ ही उन्होंने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए भी किए गए कार्यों के उल्लेख किया एवं सभी से सहयोग चाहा। गांधी गंज व्यापारी मंडल के अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि आज वर्षों की परंपरा का निर्वहन करते हुए व्यापारियों का सम्मेलन किया गया।



इस अवसर पर पुन: निर्वाचित किए जाने के लिए आभार माना, साथ ही अनाज व्यापारी संघ के अध्यक्ष प्रतीक शुक्ला ने कृषि उपज मंडी में वीर हनुमान मंदिर के लोकार्पण की बात कही साथ में किसान एवं व्यापारियों तथा मंडी के संचालन में भारसाधक अधिकारी के कार्यों की प्रशंसा की व्यापारी दीपावली सम्मेलन के दौरान व्यापार रत्न से सुरेश अग्रवाल प्रसिद्ध उद्योगपति गांधीगंज के प्रसिद्ध व्यापारी का सम्मान किया गया, उनकी उपलब्धियों से लोगों को प्रेरणा मिले इस बात का उल्लेख उन्होंने अपने उद्बोधन में किया। कार्यक्रम का संचालन भरत चांडक एवं गुंजन नायक ने किया तथा आभार गांधी गंज व्यापारी मंडल के सचिव अशोक संचेती ने माना इस अवसर पर व्यापारीगण एवं इलेक्ट्रानिक, प्रिंट मीडिया के साथी उपस्थित रहे।

**छाया- शेख अल्फाज**

### सार समाचार

## बस का ब्रेक फेल होने से कूदे लोग, छह घायल

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** परासिया पिपरिया मार्ग पर रेलवे अंडर ब्रिज के समीप गणेष मंदिर के सामने रविवार को सवा 11 बजे पिपरिया की ओर जा रही बस का ब्रेक फेल हो गया। ब्रेक फेल होने से बस के अंदर अफरा तफरी मच गई। लोग चलती बस से कूदने लगे। इस हादसे में छह लोग घायल हुए हैं। दो बाईक को नुकसान पहुंचा है। घायलों को 108 एंबुलेंस से परासिया अस्पताल भेजा गया। गंभीर घायलों को छिंदवाडा रिफर किया गया है।

छिंदवाडा से पिपरिया की ओर चलने वाली मयूर बस परासिया में गणेश मंदिर के सामने हवा भरवाने के लिए रुकी। इसके बाद चालक ने जैसे ही बस आगे बढाया उसके ब्रेक लगना बंद हो गए। तेजी से स्टिरिंग घुमाकर उसने बस पर नियंत्रण की कोशिश की। लेकिन बस नियंत्रण में नहीं आई। रविवार हाट बाजार होने से सडक पर दुकानें और भीड थी। तेजी से हार्न बजने से लोग इधर उधर हटने लगे। सौ मीटर दूर रेलवे पुल के पहले दो मोटर साईकिल सवार बस के सामने से जा रहे थे। आसपास हटने की जगह नहीं होने से अलग नहीं हो सके। बस की बाईक से टक्कर हो गई। इसमें आरामशीन का एक कर्मचारी और जाटाछापर निवासी दो लोग घायल हुए। वे न्यूटन किसी काम से जा रहे थे।

इस बीच लोग बस से कूदने लगे। पगारा निवासी पूनम भी बस से कूद गई। उसका हाथ फ्रेक्चर हो गया। बस के अंदर बैठी देलाखारी निवासी सुहागवती को चोट आई। बस के अंदर ही रौशनी सिंह पिपरिया जाने के लिए अपने बच्चे के साथ सवार हुई थी उसे पैर में चोट आई। घायलों को 108 एंबुलैंस से तत्काल परासिया सिविल अस्पताल भेजा गया। यहां डॉ. दीपक वर्मा ने घायलों का उपचार किया। गंभीर घायलों को रिफर कर दिया गया। पुलिस थाने से चंद मीटर के फासले पर हादसा हुआ। पुलिस ने बस जब्त नहीं की। बस को हादसे वाले स्थल से हटा दिया गया। इससे पहले तामिया मार्ग पर लहगडुआ में हुए बस हादसे के बाद भी पुलिस ने बस को थाने लाया और छोड दिया था। दुर्घटना में जाटाछापर निवासी जितेंद्र यादव, शेख रिजवान, भमोडी निवासी दुर्गेश बावरिया, पगारा निवास पूनम, देलाखारी निवासी सुहागवती और अंबाडा निवासी रौशनी सिंह को अस्पताल लाया गया।

देलाखारी निवासी शर्मिला ने बताया हवा भराने के बाद बस रुक ही नहीं रही थी। ड्राईवर रोकने की कोशिश कर रहा था। लेकिन बस नहीं रुकी। ड्राईवर बोल रहा था ब्रेक नहीं लग रहे। इसके बाद लोग कूदने लगे तो हम भी कूद गए। ब्रिज के नीचे से बस आगे गई और रिवर्स होकर खडी हो गई।

### भाईदूज में घर जा रही थी पूनम

पगारा निवासी पूनम ने बताया कि वह छिंदवाडा में रहकर पढाई करती है। भाईदूज पर घर जा रही थी। छिंदवाडा से वह सवार हुई। अनखावाडी में उतरकर पगारा जाती। इससे पहले ही बस का ब्रेक फेल हो गया। बस से कूदने के कारण उसके हाथ में फ्रेक्चर हुआ है।

### पीछे से बस आई और टक्कर मार दी

भमोडी निवासी दुर्गेश बावरिया ने बताया कि वह बाईक से न्यूटन जा रहा था। इसी दौरान रेलवे पुल के समीप पीछे से बस ने आकर बाईक को टक्कर मार दी। बाईक को नुकसान पहुंचा है। उसे हाथ और पैर में चोटे आई है। बस में अंबाडा निवासी रोशनी अपने ढाई साल के बालक रौनक सिंह के साथ सवार हुई। बस दुर्घटना में रोशनी को पैर में चोट आई। लेकिन रौनक का बाल बांका नहीं हुआ। उसे चोट नहीं आई। अस्पताल में मां के साथ पलंग पर वह खेलता रहा।

परासिया में भीड भरी सडक पर ब्रेक फेल होने का यह दूसरा मामला है। इससे पहले महादेव मेला जा रही बस के ब्रेक फेल हुए थे। उस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। कई घायल हुए थे। इसके बाद बसों की फिटनेस जांच करने के लिए कोई पहल नहीं हुई। पिपरिया मार्ग पर खराब कंडीशन की बसें लगातार चल रही है।

## कपड़े खरीदने आए बाइक सवार भाइयों को कार ने मारी टक्कर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** परासिया छिंदवाडा मार्ग पर चौकी मोहल्ला हनुमान मंदिर के सामने रविवार को दोपहर बारह बजे एक कार चालक ने बाईक को टक्कर मार दी। इस टक्कर में उमरेठ के रिधोरा निवासी युवक घायल हुआ। बाईक को नुकसान पहुंचा है। बाईक को टक्कर मारने के बाद कार चालक कार लेकर फरार हो गया। युवकों के पास कार का नंबर है।

घटना को लेकर रिधोरा निवासी अंकित पवार ने बताया कि उन्होंने परासिया से कपडे खरीदे थे। कपडे बदलने परासिया आए थे। चौकी मोहल्ला हनुमान मंदिर के समीप वे बाईक घुमा रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार चालक ने उनकी बाईक को टक्कर मार दी। इस टक्कर में युवक प्रांशु पवार घायल हो गया। स्थानीय युवकों ने उसे उठाकर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में उसका प्राथमिक उपचार किया गया।

## कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह का मनाया जन्मदिन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राज्य स्तरीय बैडमिंटन स्पर्धा का आयोजन जहां 3 नवम्बर को स्टेडियम ग्राउण्ड के बैडमिंटन हॉल में संपन्न हुआ तो वहीं उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पता चलने पर जिला कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह आई.ए.एस. का केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया गया और सभी ने उनका स्वागत करते हुए दीर्घायु होने के लिए ईश्वर से कामना की गई।

इस अवसर पर महापौर विक्रम अहाके, जिला भाजपा अध्यक्ष शेषराव यादव, अंकुर शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा रमेश पोफली, पूर्व नेता प्रतिपक्ष विजय पाण्डेय, जिला महिला मोर्चा भाजपा की अध्यक्ष गरिमा प्रतीक दामोदर, जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह बैस, पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री, सी.ई.ओ. जिला पंचायत अग्रिम कुमार आईएएस, सुधीर जैन एसडीएम, जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल, पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष आरएस वर्मा सहित राकेश चौरसिया और अन्य कोच, मैनेजर, खिलाड़ी उपस्थित थे।



## कोल इंडिया पेंशनर्स की बैठक कल

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कोल इंडिया सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ समिति शाखा छिन्दवाड़ा की बैठक दिनांक 05 नवम्बर 2024 दिन मंगलवार 12 बजे से मध्यप्रदेश पेंशनर्स सदन में शुक्ला ग्राउण्ड के पास, परशुराम वाटिका के सामने छिन्दवाड़ा में रखी गई है जिसमें केन्द्रीय आजीवन अध्यक्ष एस.एल. यादव, केन्द्र के अधिकारीगण बैठक में उपस्थित रहेंगे। संघ की ओर से अध्यक्ष पी.आर. डेहरिया एवं शाखा छिन्दवाड़ा ने जिले के सभी कोयला के पेंशनरों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पेंशनर्स उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने की अपील की है ताकि कोल इंडिया द्वारा पेंशनरों के साथ किए जा रहे अन्याय और उनके अधिकारों के हनन के संबंध में खुलकर चर्चा की जाऐं और कोई ठोस कार्यवाही के लिए निर्णय लिए जा सके।

## एक्सीडेंट के लिए ब्लैक स्पॉट बन गई प्रेस कॉम्पलेक्स सडक



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** लम्बे समय से प्रेस काम्पलेक्स के पास आए दिनों दुर्घटनाऐं होती है। ऐसा कोई दिन नहीं जाता जब प्रेस काम्पलेक्स के पास सड़क दुर्घटना न हो, कभी मोटर सायकल तो कभी स्कूटी तो कभी दो पहिया वाहन, कभी चौपहिया वाहन से भिड़ जाती है और लोग दुर्घटना के शिकार हो जाते है। ऐसा लगता है प्रेस काम्पलेक्स के पास फव्वारा चौक से बस स्टैण्ड जाने वाली सड़क ब्लेक स्पॉट बन गया हो। परंतु सड़क सुरक्षा समिति के द्वारा बैठकों में अनेक निर्णय लिए जाते है लेकिन प्रेस काम्पलेक्स के पास जो दीवांची पुरा, स्टेडियम ग्राउण्ड, फव्वारा चौक और बस स्टैण्ड की ओर रोड जाती है और यहां स्टापर लगाए गए है वहां का तकनीकी निर्णय नहीं लिया जा रहा है जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाऐं होती है और लोग अस्पतालों में जाकर उपचार करवा रहे है। 2 नवम्बर को इसी तरह की शाम 7 बजे प्रेस काम्पलेक्स के सामने खिरनी के झाड़ के पास एक स्कूटी सवार महिला को चौपहिया वाहन चालक ने इस तरह टक्कर मारी कि महिला नीचे जा गिरी और बेहोश हो गई। लेकिन वहां से गुजर रही पुलिस का एक वाहन जिसमें पुलिस इंसपेक्टर वाहन में लिखा हुआ है उसमें सवार जो अधिकारी थे उन्होंने भीड़ को देखा वाहन को मद्दा किया और आगे बढ़ गए। उपस्थित लोगों ने महिला को उठाया परिजनों को फोन किया और अस्पताल पहुंचाया ताकि उसका उपचार हो सके। इस तरह यह स्थान ब्लेक स्पॉट बन गया है।

## आठ महीने और बंद रहेगी रीवा इतवारी ट्रेन, यात्री परेशान



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** रीवा-इतवारी ट्रेन का परिचालन आठ महीने तक और बंद रहेगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के अंतर्गत छिंदवाड़ा-इतवारी रेल सेक्शन में भंडारकुंड से भिमालगोंदी के बीच बने ब्रिज नंबर- 94 में आई दरार के बाद रेलवे ने रीवा-इतवारी ट्रेन के परिचालन पर रोक लगा दी है। अगस्त माह से ट्रेन बंद चल रही है। वहीं नागपुर शहडोल ट्रेन को वाया आमला होकर चलाया जा रहा है। इस वजह से यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

हालांकि यात्रियों की यह परेशानी अब खत्म होने वाली है। दरअसल रेलवे ने ब्रिज निमार्ण का कार्य शुरू कर दिया है। निर्माण कार्य का ठेका एक निजी कंपनी को दिया गया है। जिसके बाद कंपनी ने कार्य भी शुरू कर दिया है। जिले पूरा होने में लगभग 8 महीने का समय लगेगा। दक्षिण मध्य पूर्व रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी दिलीप सिंह ने बताया कि ब्रिज निर्माण कार्य में लगभग 8 माह का समय लग जाएगा। अक्टूबर माह के अंत में कार्य शुरू किया गया है। इससे स्पष्ट हो जाता है कि इस वर्ष रीवा-इतवारी ट्रेन का परिचालन नहीं किया जाएगा।

गौरतलब है कि अगस्त के अंतिम सप्ताह में भंडारकुंड व भिमालगोंदी के बीच बने ब्रिज क्रमांक 94 में दरार आ गई थी। जिसके बाद रेलवे ने रीवा इतवारी व शहडोल नागपुर ट्रेन को बंद कर दिया था। कुछ दिन बाद रेलवे ने नागपुर शहडोल ट्रेन को परिवर्तित मार्ग वाया आमला, जुन्नारदेव छिंदवाड़ा होते हुए शहडोल के लिए शुरू किया। लेकिन रीवा इतवारी को शुरू नहीं किया गया। बार बार रेलवे द्वारा इसकी निरस्त की तिथि को आगे बढ़ाया जा रहा है जिससे काफी संख्या में रीवा से मरीज नागपुर ट्रेन से जाते थे और यात्री भी जाते थे जिससे काफी परेशानी हो गई है।

## छठ पर्व को लेकर बनी रूपरेखा, छोटा तालाब में होगा भव्य आयोजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** उत्तर भारतीय एकता मंच द्वारा लोक आस्था का महापर्व छठ के आयोजन को लेकर रेलवे स्टेशन के प्लेट फॉर्म नंबर-चार के पास स्थित होटल में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महापर्व पर छोटा तालाब में विभिन्न कार्यक्रम के आयोजन की रूपरेखा बनाई गई। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष छठ महापर्व के तीसरे दिन 7 नवंबर की शाम व्रती और घर-परिवार के सभी लोग छोटा तालाब में पहुंचकर अस्तचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे।

बता दें कि इस दिन डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा है। वहीं चतुर्थ दिवस यानी 8 नवंबर की सुबह परंपरा के अनुसार उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि 7 नवंबर की शाम छोटा तालाब में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। 8 नवंबर की सुबह परिचय कार्यक्रम सम्मान कार्यक्रम होगा। इसके अलावा भी अन्य आयोजन होंगे। छोटा तालाब पर श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था भी बनाई जा रही है। बैठक में मंच अध्यक्ष अजय सिंहा, सचिव उमेश बरनवाल, के. सिंह, राकेश सिंह, जितेन्द्र शाव, मुकेश सिंह, संजय मिश्रा, अवधेश सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।



## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 485 मरीजों का हुआ पंजीयन 370 का किया गया उपचार



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेई की जयंती 25 दिसंबर तक चलने वाले नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के अमरवाड़ा ग्रामीण मंडल की ग्राम पंचायत सोनपुर में 45वां स्वास्थ्य शिविर सम्पन्न हुआ। जिसमें 485 मरीजो ने पंजीयन कराया जिसमें 370 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित की गई। जांच में पाये गये 9 गंभीर मरीजो को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया।

सांसद बंटी विवेक साहू ने चिकित्सा के क्षेत्र में बड़ा योगदान दिया है। जिसके चलते नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे है और मरीजों का इलाज हो रहा है। शिविर में प्रमुख रूप से रोटरी क्लब के अध्यक्ष दीपक खंडेलवाल, भाजपा नेता नितिन तिवारी, प्रभुनारायण नेमा, भाजपा ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष विनोद चंद्रवंशी एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### 46वां स्वास्थ्य शिविर आज

अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत हर्रई मंडल के अंतर्गत ग्राम पंचायत राइया राव में आयोजित किया जाएगा। हर्रई मंडल के अध्यक्ष सुमित गुप्ता ने सभी लोगों से स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर जांच कराकर इलाज कराने की अपील की है।